**जातीय समानता को बढ़ावा देने के**
**मौजूदा और योजनाबद्ध उपाय**

**हांगकांग ऑब्जर्वेटरी(वेधशाला)**

हांगकांग ऑब्जर्वेटरी (HKO) का लक्ष्य आम जनता की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ शिपिंग और विमानन क्षेत्रों सहित अन्य विशेष उपयोगकर्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाली मौसम विज्ञान संबंधी सेवाएं प्रदान करना है। HKO जनता के सभी सदस्यों द्वारा हमारी सेवाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित करने को बहुत महत्व देता है, चाहे उनकी जातीय पृष्ठभूमि कुछ भी हो।

संबंधित सेवाएं

- HKO निम्न के लिए जिम्मेदार है (a) मौसम का पूर्वानुमान प्रदान करना और जोखिम वाले मौसम पर चेतावनी जारी करना ; (b) हांगकांग में पर्यावरण विकिरण के स्तर के बारे में जानकारी प्रदान करना ; और (c) हांगकांग समय मानक को बनाए रखना और भूभौतिकीय, समुद्र विज्ञान, खगोलीय और जलवायु संबंधी जानकारी प्रदान करना।

मौजूदा उपाय

- HKO की मौसम संबंधी चेतावनी और सेवाओं के बारे में जानकारी हांगकांग की दो आधिकारिक भाषाओं (यानी कि चीनी और अंग्रेजी) में HKO की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विभिन्न भाषाओं[1] में मौसम की बुनियादी जानकारी प्रदान करने के लिए व्यक्तिगत मौसम वेबसाइट भी शुरू की गई है।

- आम जनता में वितरण के लिए सूचनात्मक और शैक्षिक पत्रक/ पुस्तिकाएं भी दोनों आधिकारिक भाषाओं में प्रकाशित की जाती हैं। इसके इलावा, HKO ने मौसम की चेतावनियों के बारे में छह पत्रकों का अनुवाद विभिन्न भाषाओं[1] में किया है जो कि HKO की वेबसाइट[2] पर अपलोड किए गए हैं।

- सार्वजनिक शिक्षा के लिए तैयार किए गए ऑनलाइन वीडियो पाठ्यक्रम चीनी और अंग्रेजी में उपलब्ध हैं।

- HKO मुख्यालय और संसाधन केंद्र का काउंटर विविध जाति के लोगों के लिए भाषा पहचान पत्र प्रदान करता है ताकि यदि आवश्यक हो तो भाषा से सम्बंधित सहयोग के लिए सहायता प्राप्त की जा सके।

---

[1] भाषाओं में हिंदी, नेपाली, उर्दू, थाई, बहासा इंडोनेशिया, तागालोग, पंजाबी और वियतनामी शामिल हैं।

[2] HKO की वेबसाइट: https://www.hko.gov.hk/en/publica/pubgen.htm प्रकाशन संख्या 20,23,25,33,35,44

| | | |
|---|---|---|
| भविष्य के काम का आकलन | ● | HKO समय-समय पर, विविध जातीयों के लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी सेवाओं की समीक्षा करेगा। |
| लिए गए / लिए जाने वाले अतिरिक्त उपाय | ● | HKO विभिन्न जातीय भाषाओं में और अधिक मौसम चेतावनी पत्रक / पुस्तिकाएं प्रदान करेगा। |
| | ● | HKO आवश्यकतानुसार विविध जातीयों के लोगों के लिए शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन करेगा, जैसे कि HKO का दौरा। |
| | ● | वीडियो सार्वजनिक शिक्षा के लिए अधिक द्विभाषी ऑनलाइन HKO पाठ्यक्रम प्रदान करेगा। |

पूछताछ के लिए, कृपया निम्नलिखित के माध्यम से श्री मान जेसन टोंग (Jason TONG), सहायक विभागीय सचिव (जनरल) 2 से संपर्क करें:-


| | | |
|---|---|---|
| टेलीफोन | : | 2926 8039 |
| फैक्स | : | 2311 9448 |
| ईमेल | : | mailbox@hko.gov.hk |
| डाक | : | Hong Kong Observatory<br>134A Nathan Road<br>Kowloon<br>Hong Kong |


**द हांगकांग ऑब्जर्वेटरी**
**जून 2024**